# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में एसआईआर की समय सीमा दो सप्ताह बढ़ाने की दी अनुमति : संशोधित तिथियों के अनुसार 26 दिसम्बर तक होगी गणना, 31 दिसंबर को प्रकाशित होगी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़, वाराणसी और बरेली में की विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा : जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में बढ–चढ़कर हिस्सा लेने का दिया निर्देश।
3. केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने वाराणसी में देश के पहले हाइड्रोजन चालित जलयान को दिखाई हरी झंडी : कहा– व्यवसायिक के साथ पर्यटन के लिए भी जलमार्ग को अनुकूल बना रही है सरकार।

और

4. केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने काशी तमिल संगमम के शैक्षणिक सत्र में कहा– देश की दो प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जोड़ने का महत्त्वपूर्ण मंच है यह आयोजन।

———————

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण की समय सीमा 15 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एसआईआर का काम पूरा करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से दो सप्ताह का समय बढ़ाने का अनुरोध किया गया था जिसे अनुमति मिल गई है। पेश है एक रिपोर्ट...

*मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि संशोधित तिथियों के अनुसार गणना की अवधि 26 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है, निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर को होगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसम्बर से 30 जनवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। 31 दिसंबर से 21 फरवरी तक गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों व आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 28 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी, आज़मगढ़ और बरेली मं विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विकास और जन–कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में एसआईआर की प्रगति की भी समीक्षा की। श्री योगी ने वाराणसी मंडल के जन–प्रतिनिधियों को एसआईआर प्रक्रिया में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने के निर्देश दिए। भारतीय जनता पार्टी के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जन–प्रतिनिधियों से इस

प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग का सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।

बाइट....

*प्रदेश के यसस्वी मुख्यमंत्री जी का आज यह बैठक संपन्न हुआ है। इसका मुख्य उद्देश्य एएसआईआर कार्यक्रम को गति देने का सभी जनप्रतिनिधि सभी कार्यकर्ता मिलकर के यह प्रत्येक बूथों पर ऐसे जो अनमैपिंग डाटा है अभी जो शिफ्टेड है, जो अनट्रेस डाटा है उनको खोज करके और यह प्रयास करना कि कोई भी पात्र मतदाता छूट ना जाए। ऐसे एक–एक मतदाताओं से मिलकर के सहयोग करके उनको मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का जन्म हम सभी को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है।*

——————————

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज वाराणसी में देश के पहले हाइड्रोजन चालित जलयान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में निर्मित यह जलयान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री सोनोवाल ने कहा देश में व्यावसायिक के साथ ही पर्यटन के लिए भी जल मार्ग को अनुकूल बनाया जा रहा है। बाइट.....

*बाराणसी से हल्दिया तक इतना बड़ा स्ट्रेस जो है सारी स्ट्रेस को हम अधिक ऑपरेशनल बनाने के लिए चाहे कार्गो हो, चाहे पैसेंजर हो, चाहे क्रूज हो अलग–अलग भिन्न–भिन्न प्रकार की बेसल का हम इसका गतिविधियां बढ़ाएंगे और आप लोगों ने देखा है पिछले 11 साल में जो बदलाव संभव हुआ है यह सिर्फ इसलिए संभव हुई है कि माननीय प्रधानमंत्री जी की जो दूर दृष्टि नेतृत्व है, जो कुशल नेतृत्व है उनके नेतृत्व ने आज सभी सभी विभाग को सभी मंत्रालय को आज शक्ति दी है, दिशा दी है।*

इस वातानुकूलित क्रूज में कई आधुनिक सुविधाएं हैं। करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस जलयान में 50 लोगों के बैठने की क्षमता है। इसमें सुरक्षा के भी व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।

———————————

उत्तर प्रदेश वक्फ ट्रिब्यूनल ने वक्फ संशोधन अधिनियम–2025 के तहत उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समय–सीमा को बढ़ाकर अब 5 जून 2026 कर दिया है। इससे पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2025 निर्धारित थी। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने ट्रिब्यूनल में याचिका दायर कर समय–सीमा बढ़ाने की मांग की थी, जिसे स्वीकार करते हुए ट्रिब्यूनल ने अधिकतम 6 माह की अवधि का विस्तार दिया है। पोर्टल पर पंजीकरण की तिथि बढ़ने पर राज्य के सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ज़ुफ़र अहमद फ़ारूक़ी ने कहा कि बढ़ी समय अवधि में कर्मचारियों के साथ ही अन्य लोगों की मदद लेकर डेटा अपलोड का काम पूरा किया जाएगा। बाइट....

*आज हमारी ऑनरेबल वॉकर ने उस एप्लीकेशन को जो है वह अलाउ कर दिया है और हमें 6 महीने का और मौका दिया है जो 6 दिसंबर से माना जाएगा तो यानी 5 जून 2026 तक का एक्सटेंशन दिया है कि इस बीच में वह सब अपलोड कर दिया जाए कि हमारा जो डाटा है उसमें हिसाब से 76,000 के आस–पास अपलोड हुई है जबकि प्रॉपर्टीज जो है वक्त के नंबर्स तो कम है 1,25,000 के आस–पास लेकिन ऐसा होता है कि एक वक्त में एक से ज्यादा प्रॉपर्टी होती तो नंबर ऑफ प्रॉपर्टीज 2 लाख के आस–पास थी।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्र सरकार के पशु धन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत देश भर में पशु औषधि केंद्र खोले जाएंगे। यह व्यवस्था प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की तर्ज़ पर लागू की जाएगी। इसी क्रम में अमरोहा में इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। अमरोहा की मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त ने बताया कि योजना के संबंध में शासनादेश आ चुका है। पशु औषधि केन्द्र खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क 5 हजार रुपए है। साथ ही आवेदन के लिए पात्रता की शर्तों में फार्मासिस्ट का पंजीकरण प्रमाण पत्र, ड्रग लाइसेंस और न्यूनतम 120 वर्ग फीट स्थान उपलब्ध होना अनिवार्य है।

——————————

प्रदेश में आज हुए दो अलग–अलग सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गए। अयोध्या के भदरसा गांव के पास प्रयागराज हाईवे पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब मध्य प्रदेश से अयोध्या दर्शन के लिए जा रहा श्रद्धालुओं से भरा वाहन ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया और दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। वहीं फर्रुखाबाद में तेज़ रफ्तार वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 3 छात्रों की मौत हो गई।

——————————

वाराणसी के बौद्ध भिक्षुओं ने धमेक स्तूप में दित्वाह चक्रवात में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति और बेघर हुए लोगों के संबल के लिए प्रार्थना की। बौद्ध भिक्षु सुमेधथेरो ने इस आपदा में श्रीलंका के लोगों को भारत से मदद भेजने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। बाइट...

*भारत में प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने सबसे पहले आगे आकर श्रीलंका में इसी भयंकर घटना से आगे याने के लिए और पूरा मदद कर लिया सामग्री भेज आया और इस श्री यह पूरा भारत में बौद्ध सोसाइटी मंदिर संस्था सभी लोग तरफ से वर्ल्ड पुलिस कमिटी तरफ से आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं भारत सरकार को धन्यवाद देना के लिए इसी अवसर पर आज यह पूजा आयोजन हुआ।*

——————————

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम के तहत आयोजित शैक्षणिक सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन देश की दो प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जोड़ने का महत्त्वपूर्ण मंच है। श्री चौधरी ने कहा उत्तर और दक्षिण भारत के लोगों का रहन–सहन और भाषा भले ही अलग हों पर हमारा साझा मूल्य–तंत्र और संविधान हमें एक सूत्र में बाँधता है। इस सत्र में तमिलनाडु से आये व्यवसायिकों और शिल्पकारों का दल उपस्थित रहा।

——————

पीलीभीत में आज प्रांतीय रक्षक दल का 77वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर पीआरडी जवानों के लिए कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने परेड की सलामी ली। उन्होंने प्रतिभागी टोलियों और कमांडरों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया और शांति और सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने में पीआरडी जवानों के योगदान की सराहना की।

——————

राजधानी लखनऊ, अमरोहा, अम्बेडकरनगर, पीलीभीत समेत विभिन्न जनपदों में आज कोहरे के कारण विज़िबिलिटी कमरही जिससे यातायात प्रभावित हुआ। मौसम

विभाग ने अगले 24 घंटों में गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज और आसपास के तराई वाले ज़िलों में घने कोहरे का अनुमान जताया है।

——————————